# कार्यालय जिला पंचायत, गोरखपुर।

## ई–प्रोक्योरमेन्ट/ई–टेण्डर सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, गोरखपुर द्वारा संचालित गोवंश आश्रय स्थलों पर गोवंशों के भरण–पोषण हेतु चारा–भूसा आपूर्ति की ई–निविदा शासकीय वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा के साथ कार्यों का विवरण तथा नियम व शर्त अपलोड की गयी है, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई–निविदा दिनांक 08–05–2026 से 28–05–2026 को सांय 17.00 बजे तक **http://etender.up.nic.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी, जो आनलाइन उक्त वेबसाइट पर ही अपलोड/डाउनलोड/सबमिट की जा सकेगी। ई–निविदा दिनांक 29–05–2026 को निविदा समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, गोरखपुर के कक्ष में पूर्वान्ह 10.30 बजे से खोली जायेगी। टेण्डर फार्म मूल्य की धनराशि जिला पंचायत, गोरखपुर के जिलानिधि खाता संख्या–718010110001605 बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा–गाँधी गली, गोलघर, गोरखपुर **IFSC Code BKID0007180** में **R.T.G.S.** अथवा बैंक चालान द्वारा जमा करके, **R.T.G.S.** प्राप्ति रसीद/ चालान की स्कैन प्रति टेण्डर के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है। निविदा मूल्य के सापेक्ष जमानत के रुप में अर्नेस्टमनी बजरिये एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/पोस्ट आफिस जमा/अन्य सावधि पत्र, जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, गोरखपुर के पदनाम से बन्धक रहेगा, देय होगा। उपरोक्त की स्कैन प्रतियाँ निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड की जायेंगी तथा तकनीकी एवं फाइनेन्शिल बिड खुलने के दो दिवस के अन्दर मूल प्रतियाँ जिला पंचायत कार्यालय, गोरखपुर को उपलब्ध करानी होगी। प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि, सम्बन्धित दस्तावेज की प्रति, अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र, पैन, जी0एस0टी0, आधार कार्ड आदि, जिला पंचायत, अनुमन्य राजकीय विभाग के पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति अपलोड करना आवश्यक है। निविदादाताओं को 100/– रुपये के नान–जूडिशियल स्टैम्प पर शपथ–पत्र के माध्यम से घोषणा करनी होगी कि वह अथवा उनकी फर्म को किसी संस्था द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया एवं बैंक द्वारा बैंकक्रप्ट (दिवालिया) नहीं किया गया है। उक्त की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। अपूर्ण निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अन्य जानकारी कार्यशील दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|
| 08-05-2026 17:00 PM | 08-05-2026 17:00 PM | 28-05-2026 17:00 PM | 29-05-2026 10:30 PM |

### ई–निविदा का विवरण

| क्रमांक | परियोजना का नाम/प्रकृति | बिल ऑफ क्वान्टिटी (दर रुपये में) | जमानत की धनराशि | टेण्डर फार्म मूल्य जी. एस.टी. सहित | सामग्री आपूर्ति हेतु अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | जिला पंचायत, गोरखपुर द्वारा संचालित 08 अदद गोवंश आश्रय स्थल क्रमश : 1–जमरु, 2–मीठाबेल, 3–सोनौरा बुजुर्ग, 4–पीपीगंज, 5–टिकरिया, 6–उरुवा, 7–करंजहवा, 8–झुंगिया (मुड़िला) पर निराश्रित गोवंशों के भरण पोषण हेतु चारा भूसा आपूर्ति कार्य | 50.00 | 10000.00 | 590.00 | अनुबन्ध की तिथि से 31 मार्च 2027 तक |

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, गोरखपुर।

पृ0सं0 136–136(V) /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– **निम्नलिखित को तदनुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत, गोरखपुर।
2– वित्तीय परामर्शदाता/अभियन्ता, सदस्य नीलाम समिति, जिला पंचायत, गोरखपुर।
3– सम्पादक, सम्मानित दैनिक समाचार पत्र, स्वतंत्र भारत, स्वतंत्र चेतना गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त नीलामी सूचना को अपने दैनिक समाचार–पत्र के आगामी अंक में छोटे अक्षरों में (फान्ट–8 में) केवल एक बार प्रकाशित कराकर शासन द्वारा निर्धारित दर पर विज्ञापन बिल एव दर जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कराकर विज्ञापन की तीन प्रतियों सहित इस कार्यालय को भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें।
4– नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, गोरखपुर।

# जिला पंचायत, गोरखपुर।

## नियम व शर्तें (चारा, भूसा)

पत्रांक 136 /जि0पं0गो0/2026–2027 दिनांक : 08/05/2026

1– कोई भी निविदादाता जो राज्य बार काउंसिल में पंजीकृत हो तथा जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्य/ अधिकारी एवं कर्मचारी के रिश्तेदार निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकते।

2– निविदा डालने हेतु निविदादाता को http://etender.up.nic.in वेबसाइट पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफाइड प्राधिकरण द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (D.S.C.) होना अनिवार्य है। इसके न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं है।

3– निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।

4– ई–टेण्डरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत दिनांक 08–05–2026 से 28–05–2026 के सांय 17.00 बजे तक http://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी, जो आनलाइन उक्त वेबसाइट पर ही अपलोड/ डाउनलोड/ सबमिट की जायेगी। ई–निविदा दिनांक 29–05–2026 को निविदा समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, गोरखपुर के कक्ष में अपरान्ह 10.30 बजे से खोली जायेगी।

5– ठेकेदार/फर्म को जी.एस.टी. पंजीकरण व पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण–पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रतियां स्कैन करके निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

6– निविदा प्रपत्र के साथ अर्नेस्टमनी की धनराशि का विवरण, टेण्डर फार्म मूल्य की जमा रसीद, धरोहर धनराशि, सम्बन्धित दस्तावेज की प्रति, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र व हैसियत प्रमाण–पत्र, पैन, जी0एस0टी0, आधार कार्ड आदि अन्य वांछित अभिलेख अपलोड किये जायेंगे।

7– ठेकेदार/फर्म को पिछले 03 वर्षो का सी.ए. द्वारा टर्नओवर एवं आई0टी0आर0 की स्वः प्रमाणित छायाप्रतियां निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

8– सामग्रियों के मूल में हैण्डलिंग, लोडिंग एवं अनलोडिंग के साथ वृहद गो आश्रय स्थलों तथा जनपद में संचालित अन्य निराश्रित अस्थायी गो आश्रय स्थलों तक पहुचाने का परिवहन व्यय भी शामिल होगा।

9– बिल में नियमानुसार करों की कटौती की जायेगी।

10– ठेकेदार/फर्म का एक कार्यालय उत्तर प्रदेश में स्थापित होना चाहिये।

11– उत्तर प्रदेश सरकार/शासन द्वारा समय–समय पर दिये आदेशों/दिशानिर्देशों को अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

12– ठेकेदार/फर्म को सरकारी विभाग में सामग्री की आपूर्ति का अनुभव होना अनिवार्य है।

13– यदि आपूर्ति गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक अनुसार नहीं होगी तो उसे वापस कर दिया जायेगा।

14– टेण्डर फार्म मूल्य की धनराशि जिला पंचायत, गोरखपुर के जिलानिधि खाता संख्या–718010110001605 बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा–गाँधी गली, गोलघर, गोरखपुर IFSC Code BKID0007180 में R.T.G.S. अथवा बैंक चालान द्वारा जमा करके, प्राप्ति रसीद/चालान की प्रति टेण्डर के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

15– टेण्डरदाता को जमानत के रुप में मु0–1,60,000/– जमा करना अनिवार्य है। टेण्डर के साथ अनेस्टमनी के रुप में मु0–10,000/– बजरिये एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/पोस्ट आफिस जमा/ अन्य सावधि पत्र, जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, गोरखपुर के पदनाम से बन्धक रहेगा, देय होगा। शेष जमानत की धनराशि मु0–1,50,000/–(एक लाख पचास हजार) जमा कर, इकरारनामा लिखा जायेगा। जिसका पालन न होने पर टेण्डर के साथ संलग्न अर्नेस्टमनी जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। बाद में कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

16– निविदादाताओं को 100/– रुपये के नान–जूडिशियल स्टैम्प पर शपथ–पत्र के माध्यम से घोषणा करनी होगी कि वह अथवा उनकी फर्म को किसी संस्था द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया एवं बैंक द्वारा बैंकक्रप्ट (दिवालिया) नहीं किया गया है। उक्त की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

17– न्यूनतम निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड किये गये प्रपत्रों की मूल प्रतियाँ तकनीकी एवं फाइनेन्शियल बिड खुलने के उपरान्त दो दिवस में जिला पंचायत कार्यालय, गोरखपुर में उपलब्ध करानी होगी।

18– शासनादेश संख्या–1844/सैंतीस–2–2025–5(53)/2018टीसी–3 दिनांक 14–11–2025 एवं 2275/37–2–2023–5(53)/2018टीसी–3 दिनांक 20–09–2023 के प्रस्तर–4 के क्रम में प्रत्येक गोवंश को निर्धारित रुपये 50 की सीमा के अन्तर्गत 03 किलो भूसा (रु0 7–8 प्रति किलो), 05 किलो हरा चारा (रु0 2.50–3.00 प्रति किलो), 500 ग्राम पशु आहार (रु0 21–22 प्रति किलो) आहार में दिया जायेगा अथवा हरे चारे की अनुपलब्धता होने पर 03 किलो साइलेज (रु0 8 प्रति किलो), 02 किलो भूसा (रु0 7–8 प्रति किलो), 500 ग्राम पशु आहार (रु0 21–22 प्रति किलो) आहार में दिया जायेगा।

19– न्यूनतम टेण्डरदाता द्वारा यदि अपने दिये गये दर पर कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उसकी जमा जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

20– फाइनेन्शियल बिड में सामग्री दर होगी। BoQ में सामग्री की प्रति किलोग्राम के सापेक्ष दर अंकित करना अनिवार्य होगा।

21– समस्त कार्यों के अनुबन्ध की कार्यवाही उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत की जायेगी।

22– अपूर्ण निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by MRIGENDRA BAHADUR SINGH
Date: 2026.05.08 15:27:10 IST
Location: Uttar Pradesh

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,गोरखपुर।